# जुबिन स्पास्टिक होम एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट, श्रीगंगानगर

## वार्षिक रिपोर्ट 2023–24

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)


<u>दिनांक 06.04.2023</u>

<u>हनुमान जयन्ती</u>









दिनांक 06 अप्रेल 2023 को हनुमान जयन्ती के शुभ अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न स्वरूप बन कर झांकी निकाली गयी। इस शोभा यात्रा में जुबिन संस्था के स्थापक डा. दर्शन आहुजा व जुबिन नर्सिंग कॉलेज व विद्यालय के स्टाफ द्वारा पुष्प वर्षा कर इन स्वागत किया। उक्त यात्रा गोपीराम बगीची से आरम्भ कर नहरू पार्क तक गयी।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

## दिनांक 13.04.2023

## चैतन्य गुरू माँ द्वारा स्कूल का अवलोकन

# चैतन्य गुरु मां जुबिन स्पास्टिक होम के विशेष योग्यजन बच्चों से मिली, आशीर्वाद दिया

श्रीगंगानगर | जनमार्ग डेस्क

श्रीगंगानगर। चैतन्य गुरु मां, जुबिन स्पास्टिक होम के विशेष योग्यजन बच्चों से मिले और उन्हें आशीर्वाद दिया। गुरु मां ने आज जुबिन स्पेशल स्कूल का अवलोकन किया। चैतन्य गुरु मां ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे सभी खास होते हैं और उनमें विशेषताएं होती हैं जो अन्य लोगों में नहीं होती हैं। उन्होंने बच्चों से उनके सपनों और उनकी जिंदगी के बारे में बात की और उन्हें प्रेरणा दी कि वे किसी भी स्थिति में हार न मानें। डॉ दर्शन आहूजा ने दिव्यांग बच्चों को पिछले बीस से अधिक वर्षों से दिजा रही निशुल्क सेवाओं के बारे में जानकारी दी। जैसे की फिजियोथेरेपी, स्पीचथेरेपी, ऑक्यूपेशनलथेरेपी, अर्ली इंटरवेंशन, वोकेशनल एजुकेशन और फ्यूचर मदर एजुकेशन के बारे में बताएं। ये सभी थेरेपी तकनीकें दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास में




मदद करती हैं। डॉ आहूजा ने अलग-अलग बच्चों की योग्यता को समझाने के लिए विभिन्न परीक्षणों का वर्णन किया, जिनमें मानसिक, शारीरिक और भाषाई परीक्षण शामिल थे। विशेष योग्यजन बच्चों ने गुरु मां को गायत्री मंत्र रंगोली बनाकर दिखाई। इसके साथ ही, बच्चों की कविताओं को सुनकर और उनसे बातचीत करके गुरु मां ने उनके मनोबल को बढ़ाया। गुरु मां वोकेशनल ट्रेनिंग की हस्त निर्मित वस्तुएं देखकर प्रभावित हुई, गुरु मां ने बताया कि इससे बच्चों को कौशल सीखने का मौका मिलता है जो उनके भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। इससे उनके स्वयं के शानदार उत्पाद बनाने में भी मदद मिलती है जो उनके लिए आत्मविश्वास का भी स्रोत बनते हैं। बच्चों द्वारा हस्त निर्मित बंदनवार देखकर गुरु मां ने उन्हें बधाई दी और बताया कि उनकी कौशल और मेहनत का परिणाम बहुत सुंदर है। इस दौरान गुरु मां द्वारा बच्चों को प्रसाद स्वरूप फल भी वितरित किए गए। गुरु मां ने डॉ दर्शन आहूजा व विनीता आहूजा जी के घर पहुंच कर गर्भ ग्रह संस्कार के बारे में विस्तृत चर्चा की बुद्धिमान, संस्कार वाले बच्चे के जनम के लिए गर्भ ग्रह संस्कार बहुत आवश्यक है। इस दौरान गुरु माँ चैतन्य मीरा, गुरु नीलम, सुरुची अग्रवाल जी तथा जुबिन स्पास्टिक होम एवं जुबिन हॉस्पिटल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

दिनांक 13.04.2023 को चैतन्य गुरू माँ, हरिद्वार द्वारा जुबिन स्पास्टिक होम का अवलोकन किया और विशेष योग्यजन बच्चों से मिल कर आशिर्वाद दिया। उन्होने बच्चों के सपनों व जिन्दगी के बारे में बात की एवं किसी भी हालत में जिन्दगी से न हारने की प्रेरणा प्रदान की। दिव्यांग बच्चों ने रंगोली बनायी व गायत्री मंत्र व कवितायें सुनायी। बच्चों की हस्तनिर्मित वस्तुयें देख कर गुरू माँ बहुत प्रभावित हुई एवं बच्चों को आशिर्वाद स्वरूप फल वितरित किये। डा. दर्शन आहुजा व श्रीमती विनिता आहुजा का यह कार्य करने के लिए सराहना की।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

19.04.2023

## Special Olympic Health, Family Health Forum Camp










दिनांक 19.04.2023 को जुबिन स्पास्टिक होम में स्पेशल ओलम्पिक हेल्थ के तहत कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों के माता–पिता को आमंत्रित कर स्पेशल ओलम्पिक से जुड़ने हेतु प्रत्साहित किया गया एवं स्पेशल ओलम्पिक के फायदों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में पेरा ओलम्पिक के कोच श्री विनोद जी एवं श्री गुरदीप जी मौजूद थे जिन्होनें बच्चों को कई प्रकार के खेल सिखाये।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

## दिनांक 22.04.2023

## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्कूल का अवलोकन





दिनांक 22.04.2023 को स्वदेशी जागरण मंच से श्री अनिल वर्मा जी जुबिन स्पास्टिक होम एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट में पधारे। संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा श्री अनिल वर्मा का स्वागत पुष्प माला डाल कर व रंगोली बना कर किया गया। तदुपरान्त श्री वर्मा को स्कूल का भ्रमण करवाया गया एवं विभिन्न क्रियाकलापों से अवगत करवाया गया। श्री वर्मा ने बच्चों के साथ काफी समय व्यतीत किया तथा बच्चों के साथ गायन व खेलों का लुत्फ उठाया।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

## दिनांक 28.04.2023

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा द्वारा स्कूल का अवलोकन











दिनांक 28.04.2023 को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा जुबिन स्पास्टिक होम एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट में पधारे। संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा ने श्रीमती रेखा का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रीमती विनिता आहुजा एवं डा. आंचल आहुजा ने श्रीमती रेखा को संस्था के बच्चों को मिलवाया। बच्चों से मिल कर व उनके द्वारा निर्मित सामग्री देख श्रीमती रेखा बहुत हर्षित हुई।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)


## दिनांक 6–7 मई, 2023

## स्वावलम्बी भारत अभियान, जोधपुर प्रान्त (राजस्थान)








दिनांक 06.05.2023 एवं 07.05.2023 को स्वावलम्बी भारत अभियान, जोधपुर प्रान्त (राजस्थान) प्रान्तीय विचार वर्ग एवं कार्याशाला पर जुबिन संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा रंगोली एवं हस्तनिर्मित सामग्री की प्रदर्शनी लगायी गयी। इसके अतिरिक्त बच्चो द्वारा दो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। आये गये महानुभावों द्वारा बच्चों का मनोबल बढाया।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

## दिनांक 15.07.2023

## शिवरात्री की पूजा





दिनांक 15.07.2023 को महाशिवरात्री के पावन उपलक्ष्य पर जुबिन संस्था में भोलेनाथ का रूद्र–अभिषेक करवाया गया जिसमें डा. हिमांशु आहुजा, डा. आंचल आहुजा व समस्त स्टाफ शामिल था। पूजा उपरान्त सभी बच्चों एवं स्टाफ को प्रसाद वितरित किया गया।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

<u>दिनांक 15.08.2023</u>

<u>स्वतन्त्रता दिवस समारोह</u>






जुबिन संस्था द्वारा स्वतन्त्रता दिवस समारोह जुबिन नर्सिंग कॉलेज में बहुत हर्षोउल्लास द्वारा मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष डा. दर्शन आहुजा ने ध्वजारोहन किया एवं सभी ने राष्ट्रगान गाया। ध्वजारोहन उपरान्त सभी विधार्थियों को मिठाई वितरित की गयी।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

<u>दिनांक 17.08.2023</u>

## <u>महामंडलेश्वर योगी श्री हितेश्वरनाथ का स्वागत</u>







दिनांक 17.08.23 को महामंडलेश्वर योगी श्री हितेश्वरनाथ का जुबिन संस्था के संस्थापक डा. दर्शन आहुजा ने स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। योगी श्री हितेश्वरनाथ जी ने कहा कि संस्था में आकर बहुत ही अच्छा अनुभव हुआ है। इस दिव्यलोक में अपनी दिव्यता बिखेरते दिव्यांग बच्चों का दर्शन हुआ। योगी जी ने संस्था के पदाधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामनायें प्रदान की।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

# दिनांक 27.08.2023

## प्रदर्शनी आयोजन







दिनांक 27.08.23 को राखी, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, बड़ी तीज के उपलक्ष्य में रोटरी कल्ब दी गंगानगर, इनरव्हील क्लब ऑर्चडर्स एवं रोट्रेक्ट कल्ब सिटी गंगागनर रॉयल के सौजन्य से हनुमान मन्दिर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जुबिन स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्री की प्रदर्शनी में आये हुए आगन्तुको द्वारा बहुत प्रशांस की गयी।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

# दिनांक 06.09.2023

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम








दिनांक 06.09.23 को जुबिन स्पेशल स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे कृष्ण बन कर आये। स्कूल में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता भी रखी गयी एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उपहार प्रस्तुत किये गये। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा सांसकृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

# दिनांक 28.09.2023

## प्रदर्शनी आयोजन






दिनांक 28.09.23 को मरूधरा महिला मंच (श्रीगंगानगर विभाग) ऑडिटोरियम, एस.डी. बिहाणी शिक्षा न्यास में शक्ति समागम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जुबिन संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओ की प्रदर्शनी लगायी गयी जिसे समागम में आये आगन्तुको द्वारा बहुत पसंद किया गया।


SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)

# दिनांक 24.11.2023

## राजकीय विद्यालय के बच्चों का विद्यालय भ्रमण







दिनांक 24.11.23 को राजकीय माध्यमिक विद्यालय मिर्जेवाला की छात्राओ ने जुबिन संस्था के दिव्यांग बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। ये छात्रायें दिव्यांग बच्चों से मिल कर व उनके द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्री को देख कर बहुत प्रसन्न हुए एवं इन बच्चों का मनोबल बढाया। जुबिन स्कूल की अधियापिकाओं द्वारा इन छात्राओं को दिव्यांग बच्चों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवायी गयी।

SECRETARY
Jubin Spastic Home and Charitable Trust
Sri Ganganagar (Raj.)